# दिल्ली विकास प्राधिकरण

## सूचना

## दि.वि.प्रा. के खेल परिसरों हेतु सचिव

1. दिल्ली विकास प्राधिकरण ने दिल्ली के विभिन्न भागों में 15 खेल परिसर विकसित किए हैं तथा यह उनका संचालन भी करता है। दि.वि.प्रा. इन सुविधाओं के प्रबंधन के लिए निम्नलिखित श्रेणियों के व्यक्तियों को सचिव के रूप में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव करता है:
   - i) लेफ्टिनेंट कर्नल (अथवा नेवी/एयर फोर्स से समकक्ष) और उससे ऊपर के रैंक के ऐसे सेवा-निवृत्त अधिकारी, जिनके पास खेल संबंधी बैंकग्राउंड हो एवं जिनके पास इसी प्रकार के क्लब/संस्थाओं के संचालन का अनुभव हो।
   - ii) ऐसे खिलाड़ी, जिन्होंने खेलों से संबद्ध फेडरेशन/एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त राज्य/राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उच्च स्तर पर स्वर्ण , रजत अथवा कांस्य पदक (प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान) जीता हो और वह खेल, जिसमें अभ्यर्थी ने भाग लिया हो, वह दि.वि.प्रा. के खेल परिसरों (खेलों के नाम अनुलग्नक 'क' में हैं) में होना चाहिए। खेल श्रेणी में आवेदन कर रहे आवेदकों को खेलों के क्षेत्र में सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में प्रशासनिक/प्रबंधन स्तर पर काम करने का कम से कम पाँच वर्ष का पूर्व अनुभव होना चाहिए।
   - iii) दि.वि.प्रा के अधिकारियों सहित ऐसे सेवा-निवृत्त सरकारी कर्मचारी, जो 7600/- रुपये और अधिक (7वें केंद्रीय वेतन आयोग के स्तर 12 के समकक्ष और अधिक) ग्रेड वेतन में सेवा-निवत्त हुए हों, जो दि.वि.प्रा. में निदेशक और अधीक्षण अभियंता के समकक्ष हों और जिनके पास खेल में प्रमाणित प्रत्यय-पत्र (प्रूवन क्रिडेंशियल्स) हो अथवा व्यापक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल मैदानों के विकास और रख-रखाव के कार्य में शामिल रहे हों।
2. मासिक मानदेय निम्न प्रकार से देय होगा:-

| | | |
|---|---|---|
| (क) | सचिव-डिवीजन स्तरीय खेल परिसर | 1,03,717/- रु |
| (ख) | सचिव-जिला स्तरीय खेल परिसर | 90,189/- रु |

3. प्रतिमाह 12,884/- रु यात्रा भत्ता भी देय होगा।
4. मानदेय एवं भत्तों में 10 % वार्षिक वृद्धि की जाएगी।
5. आवेदन-पत्र उन व्यक्तियों से आमंत्रित किए जाते हैं, जिनकी आयु दिनांक 31.07.2023 को पैरा 1(i) में उल्लिखित श्रेणी में 60 वर्ष से अधिक न

हो और पैरा 1(ii) एवं (iii) में उल्लिखित श्रेणियों में 63 वर्ष से अधिक न हो तथा जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन.सी.आर.) के निवासी हों।

6. संक्षिप्त विवरण (रेज्यूमे) की प्रति, निवास स्थान एवं आयु के प्रमाण, पासपोर्ट आकार की नवीनतम फोटो, फोन नंबर एवं ई-मेल आई.डी. सहित आवेदन-पत्र सचिव (समन्वय), सिरी फोर्ट खेल परिसर, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली-110049 (दूरभाष नं. 26496650/26496657) को दिनांक **06.09.2023** तक भेजे जाने अपेक्षित हैं । इसकी एक प्रति-ई-मेल द्वारा commrsprts@dda.org.in पर भी भेज दी जाए। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा ।
7. चयनित अभ्यर्थियों को पूर्ण रूप से वार्षिक अनुबंध आधार पर नियुक्त किया जाएगा। अनुबंध को वार्षिक रूप से आगे बढ़ाने के लिए उनके कार्य निष्पादन के आधार पर विचार किया जाएगा। अनुबंध आधार पर की गई नियुक्ति को किसी भी पक्ष द्वारा 30 दिन के नोटिस द्वारा समाप्त किया जा सकता है। कार्यकाल की अधिकतम अवधि 10 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक होगी।
8. जो अभ्यर्थी टाइम्स ऑफ इंडिया "एस्सेंट" दिनांक 04.01.2023 में जारी नोटिस के अनुसार आवेदन कर चुके हैं, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

(डी. सरकार)
आयुक्त (खेल), दि.वि.प्रा.

**<u>अनुलग्नक ‘क’</u>**

## दिल्ली विकास प्राधिकरण के खेल परिसरों में उपलब्ध खेलों के नाम

| | | |
|---|---|---|
| • एरोबिक्स | • फैंसिंग | • पिच ‘एन’ पुट गोल्फ |
| • तीरंदाजी | • फिटनेस डांस | • शूटिंग |
| • एथलेटिक्स | • फुटबॉल | • स्केटिंग |
| • बैडमिंटन | • गोल्फ | • स्कवॉश |
| • बास्केटबॉल | • गोल्फ ड्राइविंग रेंज | • स्वीमिंग |
| • बिलियर्डस/स्नूकर | • जिमनास्टिक्स | • वालीबॉल |
| • बॉक्सिंग | • हॉकी | • टेबल टेनिस |
| • कैलिस्थेनिक्स एरिया | • जॉगिंग ट्रैक | • ताइक्वॉन्डो |
| • क्रिकेट | • कराटे | • टेनिस |
| • शतरंज | • लॉन बॉल्स | • फिटनेस सेंटर |
| • चिल्ड्रन पार्क | • मुआ थाई | • योग |